सबको शामिल करना: माध्यमिक अंग्रेज़ी

हिन्दी (अंग्रेज़ी के साथ)
कमेंट्री: इस माध्यमिक अंग्रेज़ी की कक्षा में शिक्षिका, सभी विद्यार्थियों को पाठ में शामिल करने का ख़याल रखती हैं। पाठ की शुरुआत में, विद्यार्थी एकदूसरे को छोटे-छोटे अनुच्छेद - बोलकर लिखवाते हैं। इससे, उन सभी को अंग्रेज़ी में बोलने और लिखने का मौका मिलता है। **विद्यार्थी १:** All the... wonderful things... that surround us in... this... world. **विद्यार्थी २:** And mountains and glaciers and all the other wonderful things that surround us in this world! कमेंट्री: सभी विद्यार्थियों को पाठ में शामिल करने के, शिक्षिका के तरीकों में से एक है, अंग्रेज़ी निर्देशों की विद्यार्थियों की समझ को हिंदी में नियमित रूप से जाँचना। यह सुनिश्चित करता है कि कोई विद्यार्थी पीछे न छूटे। **शिक्षिका:** Now all of you, we will exchange your role, OK? You have to exchange your role. Means? कोई बताएगा exchange करना - role को? क्या मतलब? **विद्यार्थी ३:** Ma'am, एक कापी ma'am, हमको दे दिया। हमने इनको किताब दे दिया। ये ma'am बोलेंगी, हम लिखेंगे। **विद्यार्थी ४:** That has ever been written. Only we must have eyes to see, and ears to hear! **विद्यार्थी ५:** And... **विद्यार्थी ६:** But the world... itself... is the... **विद्यार्थी ५:** रुक जाओ... कमेंट्री: कक्षा में एक विद्यार्थी की बाहें नहीं हैं। मगर उसने अपने पैरों से लिखना सीख लिया है। और वह

सभी गतिविधियों में पूरी तरह से शामिल है।

विद्यार्थी ५ साक्षात्कार:

पड़ौस के बच्चों को देखता था - पढ़ते लिखते! फिर मैंने सोचा कि मैं पैर से लिखकर देखूँ! फिर मैंने practice करना शुरू कर दिया। एक-दो महीने मैंने practice की। फिर इसके बाद, मुझे लिखना आने लगा, धीरे धीरे।

इस स्कूल में आया। इस स्कूल में मुझे बहुत अच्छी मदद मिलती है पढाई-लिखाई करने में, और मेरा मन भी लगता है।

कमेंट्री:

अगले पाठ में शिक्षिका, एक स्थानीय गाँव के मेले के बारे में - पत्रिका का एक लेख लिखने के लिए, अपने विद्यार्थियों को तैयार करती हैं।

शिक्षिका: Anybody can tell me? What is an article? What is it? What can understand?

Yes, Sushil, very good!

विद्यार्थी ५: Ma'am, जैसे हम लोग कहीं गए, कोई अच्छी चीज़ देखी; मेला या shopping करने गए; उस चीज़ के बारे में हमने देखा, वहाँ से लौट कर आये; फिर उस चीज़ के बारे में हम लोग लिखते हैं, विस्तार से, उसे ही article कहते हैं।

शिक्षिका: Yes, correct! Very good! Sit down.

Yes, he is right!

कमेंट्री:

ध्यान दीजिए शिक्षिका - कैसे विचारमंथन करवाती हैं, ताकि जितना हो सके - ज़्यादा से ज़्यादा विद्यार्थी- अपने विचार व्यक्त करने हेतु प्रोत्साहित हों - और उन्हें अपने लेखन के लिए, शुरुआती बिंदु मिलें।

शिक्षिका: You have to tell, whatever you had done in your village fair. Whatever you have seen, and what you think about the village fair - you can tell me...

कमेंट्री:

एक ऐसे पाठ के बारे में सोचिये, जो आप पढ़ाने वाले हैं। उस में आप कैसे सुधार करेंगे, ताकि यह

सुनिश्चित हो सके, कि हर विद्यार्थी के पास पूरी तरह से भाग लेने का मौका है?